कार्यालय जनपद न्यायाधीश (नजारत), प्रतापगढ़, उ0प्र0

नीलामी सूचना वर्ष: 2023–2024

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के गेट संख्या 03 के समीप, सेशन लॉक–अप के सामने स्थित शीशम के पेड़ की नीलामी दिनांक 23.02.2024 दिन शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में नियत की गयी है।

अतः इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित होकर उक्त पेड़ की नीलामी हेतु बोली में सम्मिलित हो सकते हैं।

नीलामी की शर्तें एवं प्रतिबन्ध

1. उक्त शीशम के पेड़ की नीलामी दिनांक 23.02.2024 को होना सुनिश्चित है, जिसमें न्यूनतम बोली 14,850/– से प्रारम्भ होगी।

2. नीलामी में वही लोग भाग ले सकते हैं, जो नीलाम होने के पूर्व कार्यालय नजारत अनुभाग में दो–दो हजार रूपया जमानत के रूप में जमा करेंगें।

3. जिस व्यक्ति के नाम नीलामी समाप्ति होगी यदि वह नीलामी नहीं लेता है, तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

4. बोली समाप्त होने पर सर्वाधिक बोली की 1/3 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि एक सप्ताह के भीतर देय होगी। जमा की गयी जमानत धनराशि को अंतिम धनराशि में समायोजित हो जायेगी।

5. नीलाम होने वाले वृक्ष को काटने, उठाने, ले जाने में परिसर की दीवार, भवन या वृक्ष की क्षति न होने पाये। उक्त में ढिलायी होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता से तुरन्त क्षतिपूर्ति वसूली जायेगी।

6. नीलामी में सिक्योरिटी धनराशि जमा करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नही होगा।

7. नीलामी प्राप्तकर्ता को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नीलामी अनुमोदित होने के पश्चात नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।

8. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ो को स्वयं काटकर अपने खर्च पर 7 दिन के अन्दर नियमानुसार ले जाना होगा।

9. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ हटाने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नही होगा।

10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ उचित बोली न होने पर नीलाम की तिथि बढ़ा सकते हैं

11. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ नीलामी को बिना कारण बताये हुये रद्द कर सकते हैं या कोई अन्य आदेश पारित कर सकते हैं जो सभी को मान्य होगा।

12. अन्तिम आदेश जिला जज, प्रतापगढ़ का होगा।

13. नीलामी के शर्त एवं प्रतिबन्ध माननीय जनपद न्यायाधीश के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हो।

Approved
13.2.24

Sunita Singh 13/2/24
सदस्य
सुनीता सिंह नागौर
अपर जिला जज कक्ष सं0 03
प्रतापगढ़।

सदस्य
कुंदन किशोर 13/02/24
अपर जिला जज कक्ष सं0 06
प्रतापगढ़

Alok Dwivedi
अध्यक्ष, नीलामी कमेटी 13/02/24
आलोक द्विवेदी
विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)
प्रतापगढ़।

प्रतिलिपि जिला न्यायालय प्रतापगढ़ की वेब साइट, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, तहसील प्रांगण, दीवानी न्यायालय के मेन गेट पर, बाजार में, नजारत कुण्डा, नजारत लालगंज अझारा एवं नजारत प्रतापगढ़, जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ कार्यालय में सूचनार्थ चस्पा की जाए तथा निःशुल्क प्रकाशन हेतु अखबार को भेजी जाए।